>

Title: Need to provide adequate medical assistance to people suffering from tuberculosis and other diseases in Kisanganj district and other adjoining areas in Bihar.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान बिहार प्रदेश के सीमांचल इलाके और विशेषतौर पर किशनगंज जिले में भयानक जानलेवा बीमारियां जैसे हृदय, गुर्दे, वृक्क संबंधी बीमारियों, कैंसर एवं तपेदिक रोगियों की बढ़ती हुई संख्या की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

सीमांचल पर अवस्थित जनपदों में तपेदिक के रोगियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है। यह क्षेत्र बिहार राज्य के अत्यंत पिछड़े इलाकों में शुमार रहा है। गरीबी एवं कुपोषण इस क्षेत्र की नियति रही है। विकास की रोशनी अभी भी इस क्षेत्र से कोसों दूर है। तपेदिक रोग का आतंक पूरे क्षेत्र में व्याप्त है। इलाके में चिकित्सा सुविधाएं नगण्य हैं। प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों का भी गहरा अभाव है एवम् जहां चिकित्सा केन्द्र उपलब्ध भी हैं वहां चिकित्सक, नर्स एवम् बुनियादी चिकित्सा संबंधी उपकरणों की भारी कमी है। परिणामस्वरूप गरीब जनता को इलाज के लिए सुदूर पटना या राजधानी दिल्ली तक आना पड़ता है। यह सारा प्रक्रम एक दुश्चक्र की भांति गरीब एवं निरीह जनता की समस्याओं को और जटिल बना रहा है।

उपरोक्त के संबंध में मंत्री महोदय से अनुरोध है कि संपूर्ण मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम इस क्षेत्र में भेजी जाए जो रिसर्च करके इन बीमारियों के फैलने के कारणों का पता लगाए और इनकी रोकथाम के लिए शीघ्र व्यवस्था करे। स्थिति का जायजा लेने के लिए एक केन्द्रीय दल भी वहां भेजा जाए और एक बड़ा अस्पताल बनाने की व्यवस्था की जाए।